प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा की 23वीं हितधारकों की बैठक में परिसंपत्ति गुणवत्ता, गवर्नेंस और उभरते हुए नवीकरणीय ऊर्जा खंडो पर ध्यान केंद्रित किया गया



नई दिल्ली, 20 जून 2026

भारतीय अक्षय ऊर्जा संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज नई दिल्ली में अपनी 23वीं स्टेकहोल्डर्स इंटरेक्शन मीट आयोजित की। जिसकी अध्यक्षता श्री प्रदीप कुमार दास, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने की, जिसमें अक्षय ऊर्जा वैल्यू चेन के 110 उधारकर्ताओं और व्यापार भागीदारों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री दास ने कहा कि परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार, जिसने एनपीए को कम करने में मदद की है, हेडलाइन वृद्धि संख्या से अधिक मायने रखता है। उन्होंने बैटरी भंडारण और हरित हाइड्रोजन और इसके डेरिवेटिव जैसे उभरते क्षेत्रों को बढ़ाने के लिए ऋणदाताओं और डेवलपर्स के बीच सहयोगात्मक दृष्टिकोण का आह्वान किया और नवीकरणीय ऊर्जा डेवलपर्स को प्रतिस्पर्धी दरों पर ऋण प्रदान करने और ऋण टर्नअराउंड समय में सुधार करने के लिए निरंतर प्रयासों का आश्वासन दिया।





कई लघु जलविद्युत डेवलपर्स ने पिछले वर्ष के दौरान हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों में उच्च बीमा प्रीमियम और प्राकृतिक आपदाओं से उत्पन्न चुनौतियों के बारे में मुद्दों पर चर्चा की। क्षेत्र के विकास के लिए अपनी निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, इरेडा के नेतृत्व ने दोहराया कि इरेडा समय-समय पर नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एम.एन.आर.ई.) और अन्य सरकारी संस्थानों को सुझाव देना जारी रखेगा।

बैठक में हितधारकों की प्रतिक्रिया की समीक्षा की गई और उधारकर्ताओं को उच्च कॉर्पोरेट प्रशासन मानकों को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। हितधारकों के प्रश्नों का जवाब देते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की तत्पश्चात बैठक संपन्न हुई।